संक्षिप्त

सुहाग दशमी पर सामूहिक पूजन आज

मदनगंज-किशनगढ,(निसं)। मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा रविवार को सुहाग दशमी पर मुनिसुव्रतनाथ जैन मंदिर में सामूहिक पूजन किया जाएगा। अध्यक्ष विनोद पाटनी ने बताया कि प्रात: 6.15 बजे से श्रीजी का पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा, प्रात: 8.30 बजे से मुनिसुव्रतनाथ नवयुवक मंडल की ओर से सुहाग दशमी पर उपवास करने वाली महिलाओं की सामूहिक पूजन विधान व सुहाग दशमी व्रत कथा वाचन का आयोजन होगा। नवयुवक मंडल द्वारा दोपहर दो बजे से जैन तीर्थ दर्शन हाउजी, दोपहर तीन बजे से शुद्ध ठंडा टांके के जल की व्यवस्था होगी। सांय सात बजे से वीर संगीत मंडल द्वारा श्रीजी की संगीतमय महाआरती की जाएगी। प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि रविवार को प्रात: आठ बजे से आचार्य वर्धमान सागर महाराज के शिष्य किशनगढ के गौरव मुनि निस्पृह सागर महाराज के दीक्षा दिवस पर पूजन किया जायेगा।

झूलेलाल को लगाया व्यंजनों का भोग

मदनगंज-किशनगढ,(निसं)। सिंधी समाज द्वारा चालिहा महोत्सव के दौरान भगवान झूलेलाल को 56 व्यंजन का भोग लगाया गया। चालीहो महोत्सव के 21वे दिन झूलेलाल मंदिर में ललित महाराज के सानिध्य में महिलाओ ने भजन प्रस्तुत किये। महिला संगीत समिति की तनु मेघानी, कीर्ति मेघानी, ईश्वरी देवी अमरवानी, लवीना, नीलम, जानवी अमरवानी, कोमल, पूजा, रेखा, लक्षिता, माया समतानी, दीपा मंगलानी, मधु मूलचंदानी, गीता वरदानी, जिया गुरनानी, पायल, कीर्ति मेघानी, मिताली, सौम्या, मधु ने सहयोग किया। इस दौरान समाजसेवी विष्णू मेघानी, गिरधारी अमरवानी, मुकेश मेघानी, विजय गुरनानी, गिन्नी रामनानी, करन मेघानी, अशोक शोभानी, सुरेश विश्नानी, अशोक फतनानी, रमेश खेमानी, सोनू गोपलानी, पियूष मेघानी, नमन अमरवानी आदि मौजूद रहे।

संस्कृत सप्ताह का आयोजन

ब्यावर, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्य विद्यालय ब्यावर में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय संस्कृत प्रमुख लादुराम सीरवी ने संस्कृत भाषा की प्रमुखताओ और विशेषताओ के बारे में कहा की संस्कृत भाषा पौराणिक काल से चली आ रही अत्यंत प्राचीनतम भाषा है।संस्कृत में हमारी सभ्यता और संस्कृति की सुगंध है। संस्कृत और उसके साहित्य बहुत विशाल है इस भाषा को देव भाषा भी कहते है। विद्यालय के छात्र करण, चेतन वर्मा ,मोहित रावत ने संस्कृत सुभाषितानि और संस्कृत भाषा में अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन विक्रम सिंह (संस्कृत भाषा विद्यालय प्रमुख) ममता सोनी(संगीत प्रमुख) ने किया।

मसूदा कॉलेज की वरीयता सूची जारी

मसुदा, (निसं)। राजकीय कॉलेज मसूदा की वरीयता सूची जारी की गई है। महाविद्यालय में सत्र 2022-2023 के लिये बी.ए.प्रथम वर्ष में ऑनलाईन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 3 अगस्त को किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. निधि अग्रवाल ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को 4 अगस्त से 10 अगस्त 2022 तक प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे के मध्य मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं संबंधित दस्तावेजों की प्रतिलिपियां मय आवेदन पत्र के साथ जमा करवानी है। विद्यार्थी मूल दस्तावेजों के सत्यापन के उपरान्त ही ई-मित्र पर फीस जमा करवा सकेंगे।

नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

आसीन्द, (निसं)। मोगर पंचायत में विधायक जबर सिंह सांखला के मुख्य अतिथि के रूप में शनिवार को कार्यक्रम में भाग लिया तथा राजकीय आयुर्वेद औषधालय भवन का लोकार्पण किया इस मौके पर केली देवी रावत सरपंच, ऐश्वर्या रावत प्रधान पंचायत समिति बदनोर, सीता देवी रावत पंचायत समिति सदस्य मोगर, पूजा देवी रावत उपसरपंच मोगर, ग्राम विकास अधिकारी अशोक पारीक तथा भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप आज

आसींद, (निसं)। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के सानिध्य में हर रविवार को आयोजित होने वाले नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप की 76वी कड़ी रविवार शाम को 8 बजे भोजनशाला के प्रांगण में आयोजित की जाएगी।

आगामी पर्वों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने को लेकर जरूरी निर्देश दिये

भीलवाडा, (निसं)। जिले में आगामी पर्वों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण रूप से मनाएं जाने तथा कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट आशीष मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में वीसी के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया।

जिला कलेक्टर ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों से कहा कि विभिन्न जुलूस, यात्रा एवं रैलियों इत्यादि को शांतिपूर्ण तरीके से निकालने के लिए आयोजनकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखे। उपखंड अधिकारी व पुलिस के अधिकारी निर्धारीत रूट चार्ट के अनुसार मार्गों का स्वयं निरीक्षण करें। आगामी पर्वों को देखते हुए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से जहां सीएलजी बैठक नहीं हुई है, वहां बैठक सुनिश्चित करने को कहा साथ ही उन्होंने विभिन्न जुलूस, यात्रा आदि के लिए पुलिस व उपखण्ड प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली। जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस को फ्लैग मार्च करने को कहा। रैलियों, जुलूस एवं विभिन्न आयोजनों को लेकर मार्गों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए।

जिला मजिस्ट्रेट आशीष मोदी (बीच में) की अध्यक्षता में समस्त उपखण्ड अधिकारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में वीसी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

- सीएलजी बैठक करने तथा पुलिस-उपखंड प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली

बारिश के मौसम को देखते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से भी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन राजेश गोयल, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री ज्येष्ठा मैत्रेयी, सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही जिले के समस्त उपखंड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुडे।

अजमेर जिला व्यापार महासंघ ने लोक अदालत के महत्व को समझा

अजमेर, (कांस)। अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने जानकारी प्रदान करते हुए कहा है कि रामपाल जाट सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अजमेर ने महासंघ के पदाधिकारियों को बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 अगस्त को किया जा रहा है।

इसमें कारोबारी अपने भविष्य में होने वाले सम्भावित मुकदमों से बचने के लिए अपने-अपने विवाद आपसी समझौते से निपटारा करने के लिए सहमत हो। वे बिना किसी खर्चे के ऑनलाईन किसी भी स्थान से राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बनाए गए डिजीटल प्लेटफॉर्म से लोक अदालत पर अपना आवेदन करके अपने विवादों को इस अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाकर लाभ ले सकते हैं। एडवोकेट अभिभाषक, साधारण व्यक्ति, नागरिक, कोई भी संस्था, बैंक, सरकारी विभाग, कम्पनी, अपने विवाद राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित कर लाभ ले सकते हैं। सचिव रामपाल जाट द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आवेदन सम्बन्धित कोर्ट में ही भेजा जाएगा और नियुक्त बैंच के द्वारा आवेदन पर निर्णय लिया जाएगा। लोक अदालत के निर्णय को सिविल कोर्ट की डिक्री की मान्यता है अर्थात लोक अदालत के निर्णय की अपील कही भी नहीं की जा सकती है। महासंघ मुख्य संरक्षक कालीचरणदास खण्डेलवाल, संरक्षक संतोष बर्मन ओम प्रकाश टांक, राजेन्द्र कुमार मूरजानी, अध्यक्ष महेन्द्र बंसल, महासचिव रमेश लालवानी, रणवीर सैनी, आशेक दुल्हानी आदि ने सबसे अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आपसी समझाइश एवं समझौते से विवादों का सामाधान करवाकर अधिक से अधिक लाभ ले। इस सम्बन्ध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन संयोगिता नगर आकर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

मजदूर चौकठी के नवीन स्थान का शुभारंभ

गुलाबपुरा, (निसं)। मजदूर यूनियन के नेताओं ने सभी मजदूरों के सानिध्य एवं सर्वसम्मति से भाजपा राजस्थान प्रदेश कार्य बैठक समिति सदस्य व नेता प्रतिपक्ष धनराज गुर्जर की मुख्य आतिथ्य में मजदूर चौकठी का स्थान परिवर्तन किया।

मजदूर यूनियन अध्यक्ष मदन भाई ने बताया की बावड़ी चौराहा वीर सावरकर चौराहा स्थित मजदूरों के एकत्रीकरण से आए दिन रास्ता जाम व दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता था। मजदूरों की लंबे समय से मांग थी की मजदूर एकत्रीकरण की जगह का स्थान परिवर्तित किया जाए। अत: सर्वसम्मति से भाजपा नेता धनराज गुर्जर की अध्यक्षता में रोडवेज बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप स्मारक सर्किल पर मजदूरों ने नारियल फोड़कर मांगलिक बांटकर नई मजदूर एकत्रीकरण चौकठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मजदूर यूनियन नेताओं द्वारा भाजपा नेता धनराज गुर्जर का सिरोपा व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान मजदूर यूनियन अध्यक्ष मदन भाई, रज्जाक ठेकेदार, गनी भाई, रईस भाई, सजना बाद, ईस्माइल भाई ठेकेदार, सत्तार भाई, संभू सिंह उस्मान मोहम्मद, भाजपा नेता शेरू भाई कॉन्ट्रेक्टर, भाजपा नेता अब्बास याकूब भाई, हगामी लाल मेवाड़ा, भूरा भाई हीरालाल ठेकेदार साबुद्दीन शंभू मेघवंशी उस्मान भाई छगन भाई सुखदेव मामा सांवरलाल रेगर, कैलाश, कालू भाई सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

भोलेश्वर मंदिर में सहस्त्रधारा आज

अजमेर, (कासं)। वैशाली नगर जनता कॉलोनी स्थित भोलेश्वर मंदिर में भोलेश्वर मंडल द्वारा रविवार सुबह 11 बजे जलाभिषेक एवं सहस्त्रधारा का आयोजन किया गया है। मंदिर के ओमप्रकाश हीरानंदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ सहस्त्रधारा आरंभ होगी एवं भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी तत्पश्चात श्रृंगार आरती एवं प्रसादी वितरण की जाएगी।

बाइक तिरंगा रैली कल निकलेगी

मदनगंज-किशनगढ, (निसं)। प्रेस क्लब किशनगढ की और से 8 अगस्त को बाइक तिरंगा रैली निकाली जायेगी। अध्यक्ष जसवंत सिंह दारा ने बताया की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सोमवार को सुबह 9 बजे हाउसिंग बोर्ड से शुरू रैली डाक बंगला, मुख्य चौराहा, पुरानी मिल होते हुए होटल हेलीमेक्स पहुंचेगी। तिरंगा रैली को ग्राम ऊंटडा निवासी शहीद भागचन्द गुर्जर के परिजन झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रेस क्लब सदस्य एक ही गणवेश में तिरंगे से सजी बाइक पर सवार रहेंगे। इस दौरान जयपुर रोड स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि का भी कार्यक्रम होगा। बाइक रैली के माध्यम से शहर भर में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

तस्कर को सजा सुनाई

भीलवाडा, (निसं)। विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस प्रकरण) बृजमाधुरी शर्मा ने शनिवार को गांजा तस्करी के मामले में तस्कर को 4 साल की कैद 50 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक कैलाशचंद्र चौधरी ने बताया कि तत्कालीन भीमगंज थाना प्रभारी राकेश वर्मा ने 5 अप्रैल 2017 को गश्त के दौरान रिंग रोड की तरफ से एक व्यक्ति हाथ में थैली लेकर आता नजर आया, जो पुलिस को देखकर झाडियों में छिपने लगा। पुलिस ने शंका के आधार पर घेराबंदी कर उसे रोका और पूछताछ की तो उसने खुद को मांडल निवासी नवीन भंडिया होना बताया। उसके हाथ में मिली थैली की जांच की तो उसमें गांजा पाया गया। जिसका वजन करवाने पर 2 किलो 530 ग्राम पाया गया। पुलिस ने गांजा जब्त कर भंडिया को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया। तफ्तीश के बाद आरोपित के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई। सुनवाई पूरी होने पर मांडल निवासी नवीन उर्फ टोनू पुत्र शंकरलाल भंडिया को 4 साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से 7 गवाह 36 दस्तावेज पेश कर भंडिया पर लगे आरोप सिद्ध किये गए।

एमडीएसयू में विश्व स्तनपान सप्ताह संपन्न

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग द्वारा 1 से 6 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। यह आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मनाया गया।

सप्ताह भर की गतिविधियों में पोस्टर प्रतियोगिता, पोषण क्विज, आशु भाषण प्रतियोगिता, शिशुओं के लिए पौष्टिक पूरक आहार पकाने के लिए प्रतियोगिता, स्तनपान से संबंधित जागरूकता के लिए शिक्षण सामग्री तैयार करने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। शनिवार को इसका समापन किया गया जिसमें डॉ विनीता जैन ने विद्यार्थियों को स्तनपान का महत्व विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने स्तनपान से होने वाले शिशु एवं माता को लाभ पर विस्तृत चर्चा की एवं मां के दूध को प्रकृति द्वारा रचित अमृत का दर्जा दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के युग में माताओं को स्तनपान की जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटना चाहिए।



विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत डॉ विनीता जैन ने स्तनपान का महत्व विषय पर व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भारती जैन, प्रोफेसर रितु माथुर राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई अध्यक्ष डॉ लारा शर्मा , पूनम पारीक, स्वाति माथुर, साक्षी पाठक, अपूर्वी यादव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। अंत में समस्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में शिखा शिमांशी, हितार्थ अदिति श्रष्टि, कनक, पलूवी, प्रियंका, लक्षिता, नीलम विजेता रहे।

प्रशिक्षण शिविर में कार्यस्थल प्रबंधन एवं सामाजिक अंकेक्षण की जानकारी दी

अरांई, (निसं)। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिणण शिविर में महिलाओं को महात्मा गांधी नरेगा ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति ने कार्यस्थल प्रबंधन एवं सामाजिक अंकेक्षण की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम प्रभारी कैलाश चौधरी ने बताया कि पंचायत समिति सभागार में राजीविका के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मनरेगा में सामाजिक अंकेक्षण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे ग्राम पंचायत में करवाए जा रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। शनिवार को दूसरे दिन प्रशिक्षक छीतरमल चौधरी ने महात्मा गांधी मनरेगा कानून की जानकारी दी। मनरेगा के कार्यान्वयन में ग्राम पंचायतों की भूमिका समझाई।

रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया, मनरेगा की संरचना, मनरेगा के अन्तर्गत मुख्य हकदारियां, केन्द्र और राज्य सरकार के बीच मनरेगा व्यय की हिस्सेदारी का विभाजन की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षक छीतरमल चौधरी ने ग्राम पंचायतों में सामजिक अंकेक्षण प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के दौरान लाभार्थियों का शत-प्रतिशत सत्यापन करना, सभी कार्यस्थल का दौरा कर भौतिक सत्यापन किया जाना है।

शिविर में पंचायत समिति क्षेत्र के अधीन पंचायतों की 85 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

भौतिक सत्यापन में भौतिक अवलोकन, मौखिक गवाही, दस्तावेजों के साथ त्रिकोणीय सर्वेक्षण, साक्ष्य आधारित सत्यापन किया जा जाता है। सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट पब्लिक डोमेर में रखी जाए तथा रिपोर्ट स्थानीय भाषा में होनी चाहिए। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक फोरन्ता जाट तथा नन्दकिशोर बैरवा ने भी प्रशिक्षण दिया। शिविर में पंचायत समिति क्षेत्राधीन पंचायतों की 85 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान राजीविका के पप्पूलाल बैरवा, मिथिलेश जाटव ने सहयोग प्रदान किया।

सार-समाचार

बालिकाओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया

पुष्कर, (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव मनाया गया। साथ ही फियोर दी लोटो संस्था में सिलाई सीखने वाली 30 बालिकाओं को 15 सौ रुपए प्रति बालिकाओं को राशि वितरित की गई। इस समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष मंजू कुर्डिया रही। फियोर दी लोटो संस्था इंडिया पुष्कर के अध्यक्ष ज्योति स्वरूप उर्फ दीपू महर्षि ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 30 बालिकाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। उनको प्रोहोत्साहन स्वरूप 15 सौ रुपए की राशि का चेक और प्रमाण पत्र भी दिये गये जिसकी राशि 45 हजार है। अमृत महोत्सव की अध्यक्षता पालिका के उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि ने अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संस्था के संस्थापक कामारा सानद्री, पार्षद विष्णु सेन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पिंकी महर्षि किया। अंत में फियोर दी लोटो स्कूल की प्रिंसिपल योगिता सैनी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष ज्योतिस्वरुप महर्षि का जन्म दिन भी मनाया गया व स्वस्थ उज्जवल जीवन की मंगल कामना की गई।

छात्रों ने शिक्षकों का अभिनंदन किया

बांदनवाड़ा, (निसं)। कस्बे के महात्मा गांधी विद्यालय भारत विकास परिषद शाखा बांदनवाड़ा की अगुवाई में शनिवार प्रात: 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाविप शाखा बांदनवाड़ा के अध्यक्ष प्रिंस जैन ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को पुस्तक एवं पेन से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान किशन गोपाल परिहार ने गुरु एवं शिष्य के बीच संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कुल 15 अध्यापकों को सम्मानित किया गया तथा आयोजित समारोह में कुल 237 विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान किशन गोपाल परिहार, प्रिंस जैन, श्रवन लाल गुर्जर, शांतिलाल लोढ़ा, पुलकित टाक, शोभित जैन, रोहित जैन, नितेश टेलर सहित भाविप सदस्य मौजूद रहे।

लहरिया महोत्सव का आयोजन

ब्यावर, (निसं)। राधाकृष्णन शिक्षिका सेना एवं राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन जिला शाखा ब्यावर का लहरिया महोत्सव, केसरी नंदन गार्डन, सतपुलिया में आयोजित किया गया। प्रदेश सहप्रवक्ता सुरेश चंद फुलवारी ने बताया कि लहरिया महोत्सव में 400 से अधिक शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रकार के लहरिया पहनकर भाग लिया। लहरिया केट वॉक, लहरिया क्वीन, मेहंदी प्रतियोगिता, बेस्ट लहरिया प्रतियोगिताओं, सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच और अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी और भामाशाह इन्दर सिंह बागावास थे। लायन क्लब ब्यावर के अध्यक्ष राजेश भूतडा के विशिष्ट आथित्य में आयोजित कार्यक्रम में निधि चौहान, सुनीता चौधरी, मोना शर्मा,आरती अमरावत, किरण सोलंकी आदि प्रधानाचार्य ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रदेश संयोजिका सुनीता भाटी, सरोज कुमावत, सलमा बानो, दीपिका शर्मा, श्यामा जैन, नफीसा भारती, मंजू भंडारी, उषा पंवार, रेणु सैनी, ललिता पंवार, निर्मला नागौरा, मधुमती,मोनिका फानन, स्नेहलता शर्मा, हर्षिता जैन, नारायण सिंह पंवार, मोहन सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह रावत, बलराज सिंह राठौड, मनीष जनागल,मुरली मनोहर जाटव, कैलाश खत्री, हेमंत कुमावत, पदमचंद जैन, अनिल शर्मा एवं सैकडों शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन श्यामा जैन और सुमित्रा गोयल ने किया।

दो किलो अफीम जब्त, एक गिरफ्तार

भीलवाडा, (निसं)। जिले के बडलियास थाना क्षेत्र में नारकोटिक्स विभाग की टीम ने कई घरों में शनिवार को छापेमारी कर तलाशी ली। इस दौरान एक मकान से 2 किलो अफीम मिली। अफीम जब्त कर टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को नजदीक तक नहीं आने दिया गया। कारण, विभाग को सूचना लीक होने की आशंका थी। उधर, नारकोटिक्स विभाग की इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया। सेंट्रल नारकोटिक्स आयुक्त राजेश फतेह सिंह ढाबरे, उप नारकोटिक्स आयुक्त कोटा विकास जोशी एवं सहायक नारकोटिक्स आयुक्त विजय सिंह मीणा ने मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करों की धर पकड के लिए विशेष अभियान चलाने के विभाग को आदेश दिये गये। इसी के तहत कार्यालय अधीक्षक (निवारक), निवारक एवं आसूचना प्रकोष्ठ, जयपुर, चित्तौडगढ एवं कार्यालय जिला अफीम अधिकारी भीलवाडा के संयुक्त निवारक दल ने अधीक्षक (निवारक) अल्पना गुप्ता एवं भीलवाडा जिला अफीम अधिकारी डी. के. सिंह के नेतृत्व में टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर सवाईपुर में शम्भूलाल पुत्र बद्रीलाल तेली के रिहायसी मकान पर छापा मारा। मकान की तलाशी लेने पर यहां 2 किलो 300 ग्राम अवैध अफीम मिली, जिसे बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। अफीम की बाजार में कीमत लगभग 2 लाख रुपये है। इस कार्यवाही में निवारक दल के अन्य सदस्य जे. पी. मीणा,राजेश बालिया, प्रदीप लौर, सुमेर चन्द मीना, विपिन गुप्ता, निरीक्षकगण, शकील अहमद खान उप निरीक्षक, समस्थ गनावा हवलदार एवं विष्णु दास वैष्णव, वाहन चालक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्कूल में पौधों का किया वितरण

सरवाड़, (निसं)। ग्राम सोमपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को छायादार पौधों का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक हजारी लाल बेरवा ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन के खतरों को ध्यान में रखते हुए राजस्थान की ट्री वुमन अनुपमा भिवाड़ी द्वारा विद्यालय को 51 पौधे उपलब्ध कराए गए व बच्चों को पौधे वितरण से पहले पेड़ पौधों के महत्व, सुरक्षा संरक्षण पौधरोपण विधि के बारे में बताया गया। पौधरोपण प्रभारी रहमत कुरेशी ने पौधे रोपण की जिम्मेदारी ली। एसएमसी अध्यक्ष मोहन लाल धाकड़ ने इस कार्य के लिए विद्यालय परिवार की सहाराना की। कार्यक्रम में अभिभावक गोपाल लाल धाकड़, रामनारायण बागरिया, वार्डपंच हेमराज बागरिया, सीताराम धाकड़, कैलाश चंद धाकड़, ग्यारसी लाल धाकड़, सुखलाल धाकड़, हरिराम धाकड़, राणा बागरिया, गजा नाथ, सांवरलाल बागरिया, रामराज धाकड़, राधेश्याम धाकड एवं विद्यालय स्टाफ में अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता गोपाल लाल धाकड़, प्रधानाध्यापक हजारी लाल बैरवा, अध्यापिका रहमत कुरैशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी धाकड़ व आंगनबाड़ी सहायिका मनीषा धाकड सहित छात्र-छात्रा उपस्थित थे।